## खबर संक्षेप

### भू- राजस्व का बकाया जमा नहीं करने पर जमीन होगी कुर्क

**कटनी।** जिले मे राजस्व वसूली के कार्य मे तेजी लाने के कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर राजस्व वसूली का कार्य सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में बिलहरी क्षेत्र के चिखला ग्राम के वृंदावन कॉलोनी के संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा 2 लाख 34 हजार 252 रूपये की भू - राजस्व बकाया राशि जमा नहीं करने पर राजस्व राशि की वसूली हेतु 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम चिखला स्थित खसरा नंबर 389/3 रकवा 2 हेक्टेयर पर बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की की जायेगी। भू - राजस्व वसूली के लिए संबंधित भूमि की सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी। यह जानकारी तहसीलदार बिलहरी आशीष चतुर्वेदी द्वारा दी गई।

### ईवीएम मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग की कार्यवाही 10 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग एवं सीलिंग हेतु जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। बेल इंजीनियर्स द्वारा कमीशनिंग कार्यवाही हेतु 9 अप्रैल को उपस्थित होनें के कारण पूर्व में जारी कार्यक्रमों को संशोधित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें ईवीएम की कमीशनिंग कार्यवाही हेतु संशोधित आदेश जारी कर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से इस दोरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति मे ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग का कार्य 10 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। जबकि 12 अप्रैल को कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक यहां 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से द्वितीय रेण्डमाईजेशन और मतदान केन्द्रवार पेयरिंग की जायेगी जबकि 16 अप्रैल को बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग होगी। 21 अप्रैल को कमीशनिंग के कार्य के बाद माकपोल किया जायेगा।

### निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारी आज तक कर सकते है आवेदन

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्य के दोरान मतदान दल, माईको आर्जवर, सेक्टर अधिकारी, पुलिसकर्मी, होमगार्ड एवं अन्य कार्यों में संलग्न ऐसे शासकीय सेवकों से जिन्होने अभी तक प्रारूप -12 क में ई.डी.सी हेतु आवेदन नहीं किया है सोमवार 8 अप्रैल तक कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक .52 में संपर्क कर आवेदन करने के निर्देश दिए है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे ऐसे शासकीय सेवक जो मतदान दिवस को अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर ड्यूटी में संलग्न होने के कारण मतदान नहीं कर सकते ऐसे कर्मचारियों को ई.डी.सी के माध्यम से मतदान कराने की सुविधा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय की गई है।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 15 मई तक का मौका

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जिन्होने एमपीटॉस पोर्टल तथा एनआईसी के स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का ऑनलाईन आवेदन नही किया है। उन विद्यार्थियों के लिये पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 निर्धारित की गई थी। जिसके लिए एमपीटॉस पोर्टल एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत आवेदन नही होने के कारण वर्ष 2022-23 के लिये आवेदन तिथि 30 अप्रैल 2024 तथा वर्ष 2023-24 के लिये 15 मई 2024 कर दी गयी है। स्कूल प्राचार्यों को शत प्रतिशत आवेदन कराने निर्देशित किया गया हैं।

### ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र का मामला, आग किसने लगाई पता नहीं चल सका

# मडेरा की पहाड़ियों में दोपहर में भड़की आग बुझाने में आधी रात तक जारी रही मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मडेरा तालाब के समीप पहाड़ियों में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग इतनी भड़की की देररात तक पहाड़ियों में आग धधकती रही। आग लगने से पेड़ पौधों के साथ जीव जन्तुओं और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचा है। मडेरा से सटी करौंदी की पहाड़ियों में आग फैलने लगी। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मडेरा की पहाड़ियों में शुक्रवार को आग लगने की जानकारी मिलते ही वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया। वन कर्मियों ने देररात तक आग बुझाई। तब कहीं आग में काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग किसने लगाई इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन महुआ बीनने वाले लोंगों के द्वारा आग लगाई गई है।

वन्य प्राणी प्रेमी नमन चौरसिया ने बताया कि मडेरा की पहाड़ियों में आग लगने की जानकारी लगी तो वो खुद जाकर देखा। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा को आग लगने की जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने मौके पर वन कर्मियों भेजा। लेकिन आग रात तक धधकती रही काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

#### नरवाई जलाने पर कार्यवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद के नरवाई जलाने के संबंध मे जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी खेत में गेंहूँ की कटाई के बाद बचे अवशेष को जलाने पर जिले में शनिवार को चौथी एफ.आई.आर रीठी पुलिस थाना में दर्ज की गई। जिले में शनिवार को ग्राम जमुनिया तहसील रीठी में गेंहूँ अवशेष नरवाई जलाने वाले किसान के विरुद्ध रीठी पुलिस थाना में एफआईआर होनें के पश्चात जिले में अब तक नरवाई जलाने के मामले की कुल चार एफ.आईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

#### आग से क्षति का खतरा

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे फसल की कटाई के बाद अवशेष नहीं जलायें। नरवाई जलाने से आस-पास के खेतों में खड़ी फसल को भी आग की चिंगारी से क्षति पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा पर्यावरणीय नजरिये से भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। कलेक्टर ने अपनी अपील मे कहा है कि मृदा उर्वरता बढ़ानें वाले सूक्ष्म जीवाणु आग मे जलकर मर जाते है जिससे उत्पादकता पर असर पडता है। साथ ही आग लगने से जान- माल के खतरे की भी आशंका बनी रहती है। कलेक्टर द्वारा जान -माल और पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर नरवाई में आग लगाने के संबंध में हाल ही में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर शनिवार को ग्राम जमुनिया, रीठी निवासी मनोज पटेल के विरुद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

#### कोटवार ने की शिकायत

ग्राम कोटवार जमुनिया रंगीलाल बेन पिता नमनिया बेन उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया द्वारा कार्यालय तहसील के पत्र के माध्यम से रबी मौसम फसल गेंहू के अवशेष नरवाई को मनोज कुमार पिता छोटेलाल पटेल निवासी जमुनिया द्वारा आग लगाकर जलाया जाना पाया गया। इस कृत्य हेतु मना करने पर मनोज द्वारा वाद- विवाद किया गया। कोटवार रंगीलाल की शिकायत पर नरवाई जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर मनोज कुमार पिता छोटेलाल पटेल निवासी ग्राम जमुनिया के विरूद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 188 ताहि एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की तक का घटित करना पाये जाने से रीठी पुलिस थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

#### इन धाराओं में दर्ज हुई प्राथमिकी

रीठी पुलिस थाना में ग्राम कोटवार रंगी लाल बेन ने शनिवार को जमुनिया गांव निवासी मनोज पटेल के विरुद्ध रीठी पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। मनोज पटेल के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005के तहत 51,52,53,54, 55,56, 57, 58, 59, और 60 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



# खेत में बने कुएं में गिरा बालक, थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में खेत में बने कुएं में अचानक से रात को एक 12 वर्षीय बालक गिर गया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो स्वजनों ने उसकी खोजबीन की। शंका होने पर कुएं में तलाश की गई तो उसमें बालक मिल गया। जिसे स्वजन अस्पताल लेकर आए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में खेत में बने कुएं में अचानक से रात को एक 12 वर्षीय बालक गिर गया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो स्वजनों ने उसकी खोजबीन की। शंका होने पर कुएं में तलाश की गई तो उसमें बालक मिल गया। जिसे स्वजन अस्पताल लेकर आए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

परिवार के अन्य सदस्यों को दी और सभी ने मिलकर खोजबीन शुरू की लेकिन बालक नहीं मिला। जिसके बाद शंका होने पर स्वजनों ने आसपास के लोगों की मदद से कुएं में उसकी खोजबीन शुरू की तो बालक कुएं में मिल गया। जिसको बाहर निकालते हुए स्वजन रात को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### जिले में 29 मार्च से 15 मई तक चलेगा उपार्जन कार्य

# फसल कटाई में व्यस्त किसान, उपार्जन केन्द्रों में सन्नाटे का बना हुआ है माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जिले में अभी गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते किसान अभी व्यस्त है वहीं दूसरी ओर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद खरीदी केंद्रों का शुभारंभ नहीं हुआ है। केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है। ताले में कैद इन केंद्रों में कोई व्यवस्था भी नहीं है। केन्द्रों में गेहूं खरीदी का सूचना बोर्ड लगा है न तो किसानों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। यानि कि खरीदी केंद्रों में कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं किये गए।

शासन के निर्देश अनुरूप 29 मार्च से गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो गया है जो 15 मई तक जारी रहेगा। अब तक केन्द्रों में कोई चहल पहल नहीं है। केंद्र शुरू हुए न तो किसान उपज लेकर पहुँचे। जिसके चलते उपार्जन केंद्र अब तक शुरू नहीं हो सके। इस दफा तो किसानों के स्लॉट बुकिंग कराने में भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में हजारों किसानों की उपज खरीदी जानी है लेकिन अभी तक सिर्फ 173 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुंकिग कराई है। किसानों को उपज बेचने के मैसेज भी नहीं मिल रहे है। हालांकि अभी तक किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है। होली के बाद से शुरू हुई कटाई 85 प्रतिशत हो गई है। अभी भी क्षेत्र में 15 प्रतिशत किसानों की फसलें खेतों में है। किसान अपनी उपज की कटाई के कार्य में जुटे है।

समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में इस बार 14 उपार्जन केन्द्र बनाये गए हैं। जिसमें ढीमरखेड़ा, पोंडी कला बी, मडेरा,नेगवां, उमरियापान, देवरी मंगेला ,मुरवारी, झिंना पिपरिया, खमतरा,कटरिया, दशरमन, कछारगांव बड़ा,सिलौंडी और कचनारी शामिल है। 14 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी श्रीगणेश नहीं हुआ है। एक दुक्का केन्द्रों को छोड़कर बात करें तो अभी तक बारदाने तक नहीं पहुँचे। केन्द्रों में पहुँचने वाले किसानों के लिए कोई सुविधा भी नही बनाई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव ने बताया कि शासन स्तर पर गेंहू की खरीदी 29 मार्च से शुरू हो गई है। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने और केन्द्रों में उचित व्यवस्था करने के निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिए गए हैं। अभी तक कुछ किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है। चुनाव को लेकर भी खरीदी प्रभावित हुई है। केन्द्रों में बारदाने पहुँच चुके हैं।जल्द ही सभी केन्द्रों में गेंहू की खरीदी शुरू होगी। ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े।जिन्होंने खरीदी को लेकर अभी तक तैयारियां नहीं किया है, उन केन्द्र प्रभारियों को केन्द्रों में पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया गया सम्मानित




कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन का एक शाम अपने परिवार के नाम प्रतिभावान छात्र छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कोलकता के कलाकारों ने शानदार संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सरावगी व टीम ने अतिथियों का पुष्प मालाओं के साथ प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। छात्र छात्रा सम्मान समारोह में छात्राओं ने गणेश वंदना सरस्वती वंदना की नृत्य के साथ आकर्षक प्रस्तुति दी। एसोसिएशन ने होनहार छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में आल इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चांवला, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन, प्रदेश अध्यक्ष परम जीत सिंह खनूजा, प्रांतीय संयोजक राम बाबू शर्मा, महासचिव राजेश हार्डिया सहित संपूर्ण प्रदेश के पदाधिकारियों सहित अन्य जिलों से लगभग 150 अतिथियो सहित कटनी जिले से लगभग 300 टेंट व्यापारियों के परिवार सदस्यों की उपस्थिति थी।

# 54 हजार से अधिक की अवैध मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण की रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा निरंतर विशेष अभियान जारी रखा जाकर धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल के मार्गदर्शन में शनिवार 6 अप्रैल को आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ के ग्राम शांतिनगर में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान आबकारी की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 540 किलोग्राम महुआ लाहन, 2 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। जब्त किये गए लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 54 हजार 300 रूपये है। कार्यवाही के दौरान 3 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत पंजीबद्ध किये गए। दबिश के दौरान मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

दबिश के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, कृष्ण कुमार पटेल, केशव प्रसाद उइके आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, रामसिंह, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सम्मिलित रहे। आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया की जिले भर में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### चिकित्सकों ने कहा दूषित खाद्य सामग्री खाने से बिगड़ी हालत

# खाना खाने के बाद माता पिता व बेटी की बिगड़ी हालत, कटनी किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रात को खाना खाने के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई और चक्कर आने के साथ वे बेहोश हो गए। स्वजनों ने तीनों को रात को ही कैमोर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनको सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया। हालत में सुधार न होने पर तीनों को जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर चिकित्सकों का कहना था कि मामला दूषित खाद्य सामग्री के साथ ही जहरीला पदार्थ खाने का भी हो सकता है, जो परीक्षण के बाद ही सामने आएगा।



हरिशंकर पांडेय 62 वर्ष ने बताया कि घर में उनकी पत्नी सुधा पांडेय व बेटी यशी पांडेय थीं। बेटी यशी ने बताया कि रात को वह और मां घर के बाहर बैठी थीं। इस बीच पिता आए और उसके बाद तीनों ने बैठकर लौकी की सब्जी व रोटी खाई। रात को अचानक से माता-पिता सहित उसको चक्कर आने लगे और बेटी ने इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। बेटी की हालत भी बिगड़ने लगी। परिवार के सदस्य व पड़ोसी तीनों को लेकर कैमोर अस्पताल और उसके बाद विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। रात भर तीनों का इलाज किया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते तीनों को विजयराघवगढ़ अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुबह तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### बेटी की हालत में सुधार

बेटी की हालत में सुधार है जबकि माता-पिता की तबियत में सुधार नहीं हो रहा था। मामले को लेकर चिकित्सकों का कहना है कि दूषित खाद्य सामग्री की बात बताई गई है लेकिन जहरीला पदार्थ खाने की भी शंका है, हालांकि इस संबंध में कैमोर थाना प्रभारी का कहना था कि उनके पास इस संबंध में सूचना नहीं आई है लेकिन वे जानकारी ले रहे हैं कि वास्तविक मामला क्या है।

### विशेष शिविर का समापन, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान से किया सम्मानित

# रैली, नुक्कड़ नाटक से मतदान, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले भर में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वनगवां में आर. सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगाया गया था जिसके समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




समापन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, विद्यालय संचालक श्री धर्मराज साहू ने अपने उदबोधन के माध्यम से स्वयंसेवकों को स्वयंसेवक शब्द का वास्तविक अर्थ बताकर समाज एवं देश सेवा के माध्यम से स्वयं के व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ अरविंद सिंह ने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर की साफ सफाई, मतदान, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर आधारित जागरुकता अभियान चलाया गया । साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा लोक गीत, लोक नृत्य एवं अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर उत्साह वर्धन करते हुए भविष्य में समाज एवं देश सेवा कर जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया साथ स्वयंसेवकों ने भी अपने अपने अनुभव साझा किये और बताया कि शिविर के दौरान हमे एक दूसरे को जानने का भी मौका मिलता है।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, विद्यालय संचालक धर्मपाल साहू, डॉ. अरविन्द सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, श्रीमती अनीता सिंह, पवन दुबे,अनुराग सोनी, दीपक मिश्रा, ऋषभ त्रिपाठी, सौरभ सिंह, सोनम पाण्डे, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, शंकर सिंह तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य विक्रांत पाल साहू, मनोज कुमार चौधरी रासेयो स्वयंसेवक विक्रम जयसवाल, अनुज यादव, संतोष साहू, शुभम श्रीवास्तव, ललन लोहार, रामभजन, निखिल गुप्ता, सुलेखा विश्वकर्मा, शिवानी पटेल, निधी पटेल आदि की उपस्थिति रही।

# विसवार जिला स्तरीय जीपीएस व्हीकल ट्रेकिंग दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान वाहनों में जीपीएस व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम की मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल सौरभ नामदेव, जिला प्रबंधक, ई गवर्नेस के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जीपीएस व्हीकल ट्रेकिंग टीम के दल का गठन किया जाकर शासकीय सेवको को वाहनों की मॉनिटरिंग करनें के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में विधानसभा क्षेत्र बड़वारा हेतु 18 अप्रेल से कार्य समाप्ति तक तीन पालियों में 14 शासकीय सेवकों की डियुटी लगाई जाकर समस्त शासकीय सेवकों को 12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र क्रमांक 89 में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनें दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

विधानसभा विजयराघवगढ़, मुडवारा एवं बहोरीबंद हेतु 25 अप्रेल से कार्य समाप्ति तक तीन पालियों में 6 प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर सहित 21 शासकीय सेवकों की डियुटी लगाई जाकर समस्त शासकीय सेवकों को 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र क्रमांक 89 में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनें दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है। जिले में ईवीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के परिवहन के दौरान उपयोग में लिये जाने वाले मतदान दलों, सेक्टर आफिसर के वाहन तथा मतदान समाप्ति पश्चात मशीन को स्ट्रॉग रूम में जमा/भेजने में उपयोग किये जाने वाले वाहनों में जीपीएस व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम लगाया जाना है।

## खबर संक्षेप

### निरीक्षण में अनुपस्थित मिले बीएलओ को नोटिस जारी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा भ्रमण के दौरान कार्य पर अनुपस्थित पाये जाने पर मतदान केन्द्र क्रमांक 196 के बी.एल.ओ गंगा कोरी प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला मढ़ेरा विकासखण्ड ढीमरखेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के अंदर सकारण जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त नोटिस तहसीलदार ढीमरखेड़ा के प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में ग्राम बम्हनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 196 के भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दी गई पूर्व सूचना के बावजूद भी बी.एल.ओर गंगा कोरी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बी.एल.ओ गंगा कोरी के उक्त कृत्य को पदीय दायित्वों तथा मध्यप्रदेश सिविलि सेवा आचरण नियम मे वर्णित प्रावधानों के विपरीत मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा है।

### दीवार लेखन के माध्यम से बताया जा रहा मतदान का महत्व

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद मे विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन मे ग्राम पंचायत भेड़ा, चरगवॉ, पाकर, अमरगढ, आदि में दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन एवं मतदान की तिथि 26 अप्रैल 2024 प्रदर्शित किये गए। मतदान स्लोगन में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। वोट करें वफादारी से चयन करें समझदारी से, छोडो अपने सारे काम सबसे पहले करो मतदान, एक वोट से होती जीत हार, वोट न हो कोई बेकार, मुझे मतदाता होने पर गर्व है यूथ चला बूथ आओ मिलकर अलख जगाए शत-प्रतिशत मतदान कराये, बहकावे में कभी न आना सोच समझकर बटन दबाना के स्लोगन प्रदर्शित किये जाकर नागरिकों को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### संगीतमय भजन संध्या का आयोजन कल

**कटनी।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर माधव नगर गेट के समीप विशाल संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जाना है। हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति के अक्षय श्रीवास्तव, माधवेंद्र सिंह गौतम, आकाश श्रीवास्तव, सुजीत सिंह, मनीष सिंह, शैलेंद्र सिंह, साहित्य अन्य लोगों ने जानकारी देते हुए कहा कि हिंदू नव वर्ष पर प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं इस वर्ष भी 9 अप्रैल मंगलवार की शाम 7 बजे से माधव नगर गेट के समीप संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होगा। आयोजक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने समस्त नगर वासियों एवं धर्म प्रेमी लोगों से नव वर्ष पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

### एक झण्डा और एक बैनर ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झण्डा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा। अभ्यर्थियों को ऐसे अस्थाई कार्यालय खोलने के पहले विधिवत अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों को अस्थाई कार्यालय की अनुमति इस आधार पर दी जा सकेगी कि ऐसा कार्यालय सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति पर अतिक्रमण कर नहीं खोला जायेगा। अस्थाई कार्यालय किसी भी धार्मिक स्थान या धार्मिक स्थल के परिसर तथा शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों में भी नहीं खोला जा सकेगा। उम्मीदवार अपना अस्थाई कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्रों से 200 मीटर के दायरे में भी नहीं खोल सकेंगे।

---

### एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने किया गया निर्देशित

# पोर्टल में फीस की जानकारी अपलोड नहीं करने वाले 420 निजी विद्यालयों को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी।

प्रदेश के इतिहास में पहली बार निजी विद्यालयों के विरूद्ध अब तक की सबसे बडी कार्यवाही कटनी जिले मे की गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम का पालन नही करने पर जिले के 420 निजी विद्यालयों की जांच संस्थित करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन निजी स्कूलों द्वारा वेबसाइट पोर्टल मे स्कूल की सामान्य जानकारी सहित फीस संरचना का व्यौरा अपलोड नहीं किया गया है। जिला समिति की शुक्रवार को आयोजित बैठक मे ऐसे स्कूलों के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में गठित जिला समिति की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को जारी कारण बताओ नोटिस में एक सप्ताह के भीतर निजी स्कूलों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा है। अन्यथा की स्थिति में एकपक्षीय वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में आयोजित जिला समिति की बैठक में चर्चा के बाद डी.ई.ओ द्वारा निजी स्कूलों को वांछित जानकारी की प्रविष्टि और अपलोड करने के लिए 30 मार्च तक का समय दिया गया था। लेकिन निर्धारित समय पर पोर्टल मे 420 निजी स्कूलों ने जानकारी और फीस संरचना का विवरण नहीं अपलोड किया गया।

#### ये प्रविष्टि करनी थी

नियमों के तहत विद्यालयों को पोर्टल पर स्कूल की सामान्य जानकारी अद्यतन और अपडेट करना जरूरी था। साथ ही सभी निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र के लिए नियत की गई फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड करनी थी। इसके अलावा विगत तीन वर्षो के संपरीक्षित ऑडिटेड लेखों , बैलैन्स शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल आदि का विवरण भी वेबसाइट व पोर्टल में प्रविष्ट और अपलोड करना था लेकिन नहीं किया गया।

#### 420 निजी स्कूलों को नोटिस

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय नियम का पालन नहीं करने वाले और पोर्टल में प्रविष्टि नहीं करने पर जिले के 420 निजी विद्यालयों की जांच संस्थित करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसमे विकासखण्ड कटनी के 164 निजी स्कूल, विकासखंड रीठी के 31 निजी स्कूल, विकासखंड बड़वारा के 68 निजी स्कूल, विकासखंड विजयराघवगढ़ के 56 निजी स्कूल तथा विकासखंड बहोरीबंद के 61 निजी स्कूल और विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के 40 निजी स्कूल शामिल है।

#### 4 स्कूलों ने ही किया पोर्टल में प्रविष्टि

जिन 4 अशासकीय स्कूलों ने पोर्टल मे प्रविष्टि दर्ज की है उनमे कैमोर मिडिल स्कूल कैमोर, शिकागो पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल कनटी तथा डायमंड हायर सेकेण्ड्री स्कूल कटनी और कैमोर हायर सेकेण्ड्री स्कूल कटनी द्वारा ही पोर्टल पर प्रविष्टि की गई है।

#### 30 मार्च तक करनी थी प्रविष्टि

कलेक्टर की अध्यक्षता मे जिला समिति की पूर्व मे आयोजित बैठक मे मप्र निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित नियमों का विनियमन नियम के तहत लिये गए निर्णय के पालन मे जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी निजी स्कूलों को 22 मार्च को पत्र लिखकर 30 मार्च तक स्कूल की सामान्य जानकारी और फीस संरचना का विवरण पोर्टल में अपलोड करने निर्देशित किया था। लेकिन 4 निजी स्कूलों के अलावा शेष 420 निजी स्कूलों द्वारा पोर्टल में प्रविष्टि नहीं की गई।

#### यह भी प्रावधान

जिला समिति ने निजी स्कूलो को नियमानुसार एक बैंक खाता खोलने निर्देशित किया था जिसमे निजी स्कूल द्वारा फीस के लिए निक्षेप किया जायेगा। निजी स्कूल प्रवेश के समय छात्रों और पालकों अथवा अभिभावकों को बैंक खाते का विवरण एवं फीस जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी विद्यालय के सूचना पटल एवं अधिकारिक वेबसाईट में प्रदर्शित करने के निर्देश है। कई निजी स्कूलों ने इसका भी पालन नही किया।

जिला समिति की बैठक मे जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर और सहायक संचालक शिक्षा रजेश अग्रहरी मौजूद रहे।

---



# अलग अलग स्थानों से तीन क्विंटल महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने अलग अलग स्थानो पर दबिश देकर भारी मात्रा मे अवैध शराब जप्त की है। लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन में तथा एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा थाने की टीम के साथ गत दिवस अलग अलग स्थानो पर दबिश दी गयी।

ग्राम नैगंवा मे छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रेम बाई पति श्रीनात सपेरा, क्रीति बाई पति ज्वाला सपेरा, ज्वाला पिता नेतानाथ सपेरा, संजू सपेरा पिता राजू सपेरा सभी निवासी नैगंवा के कब्जे से 5-5 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कुल 20 लीटर कीमती करीब 8 हजार रूपये की जप्त की गयी एवं 22 प्लास्टिक के गुम्मो मे भरा लाहन मिलने पर मौके पर पंचनामा तैयार कर लगभग 300 किलो लाहन कीमती 6 हजार रूपये का नष्ट किया गया। शराब पकड़ने मे थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि संतराम यादव, उनि काशीराम झारिया, सउनि केशव दुबे, प्र.आर. आशीष आर्मो, प्र.आर. अनिल विश्वकर्मा, आर. रजनीश तेकाम, अभिषेक सिंह, आर सौरभ, आर. यूसुफ, आर. दुर्गेश विश्वकर्मा, आर. बृजेश सिंह, म.आर. नेहा की सराहनीय भूमिका रही ।

---

### पड़ोसी पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात

# फेरीवाले को लूटकर भाग रहे बदमाश हादसे का शिकार, एक की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हादसे में घायल दो बदमाशों को जिला अस्पताल लाया गया जिसमें से एक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का उपचार किया जा रहा है। दरअसल पड़ोसी पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में चार युवकों ने एक फेरी वाले से लूट की वारदात को अंजाम दिया। भागने के दौरान लुटेरों की एक मोटर साइकिल दुर्घटना का शिकार हो गई और जिसमें सवार दो बदमाश गंभीर रूप से घायल हुए। उनको रैपुरा अस्पताल भेजा गया। जहां से दोनों को कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया। रैपुरा पुलिस को मामले की जानकारी लगी और उसके चलते पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू की जिसमें उनको दो लोगों के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली। सुबह कटनी अस्पताल पहुंची पुलिस ने लुटेरों की शिनाख्त कराई और उसमें तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक आरोपित मृत हो गया है।

मुजफ्फरपुर निवासी मो. इलियास पिता जमील 45 वर्ष घूम-घूमकर बैग बेचने का काम करता है और मुजफ्फरपुर के ही अन्य लोगों के साथ सिहोरा में रहता है। शनिवार को बैग बेचने के बाद इलियास अपने भतीजे दानिश उर्फ गोनू के साथ ईद के चलते मोटर साइकिल से मुजफ्फपुर को निकला था। उनके अन्य साथी भी दोपहिया वाहनों से चल रहे थे। रात को 10.30 बजे के लगभग जैसे ही चाचा-भतीजा रैपुरा से आगे पन्ना मार्ग पर चले दो मोटर साइकिलों में चार युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। उनकी मंशा को भांपकर भतीजे ने गाड़ी की गति बढ़ाई तो लगभग सात किमी. आगे जाने के बाद युवकों ने उनकी मोटर साइकिल के आगे अपने मोटर साइकिल खड़ी कर दी और उतरकर मारपीट करने लगे। इस बीच लुटेरों में से एक ने चाकू निकाली और दानिश के सीने पर वार किया। बचाव में दानिश के दोनों हाथ भी घायल हो गए। चाचा भतीजे से मारपीट करने के बाद आरोपित उनके पास रखे लगभग 35 हजार रूपए नकद, दो मंहगे मोबाइल लेकर फरार हो गए। दोनों घायल चाचा-भतीजे सड़क किनारे पड़े रहे। चाचा इलियास ने बताया कि उसने रात को गुजरने वाले कई लोगों को रोकने का प्रयास किया लेकिन किसी ने मदद नहीं की। रात को डेढ़ बजे किसी से मिली सूचना के बाद रैपुरा पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को रैपुरा अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। साथ ही मामले की जानकारी लेते हुए लुटेरों की तलाश शुरू की।

लूट के बाद सुनील पिता कंछेदी दहायत 20 साल निवासी ककरा थाना अमानगंज और उसका साथी हल्का चौधरी घायल हो गया। उनके दूसरे साथी गांव के ही विनय लोधी व रिंकू सेन घायलों को एम्बुलेंस की मदद से रैपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उनको रात को कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

---

### बाइक रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देशन में जिले में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वीप गतिविधि के तहत रविवार को विकास खंड ढीमरखेड़ा मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंधित पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा पकरिया ग्राम में बाइक रैली के माध्यम से जागरूकता नारे लगाते हुए मतदाताओं को मतदान का महत्व बतलाया। रैली में ग्रामीणजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई।

---

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो से उपस्थित रहने का आग्रह

# वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग हेतु सामग्री का वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में वरिष्ठ नागरिक 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांगजन श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं को प्रथम चक्र में घर से मतदान कराने हेतु सोमवार 8 अप्रैल को प्रातः 4 बजे जिला कोषालय से जिला कोषालय से मतपत्र प्राप्त करनें के उपरांत 6 बजे से निर्धारित 26 मतदान दलों के कर्मचारियों को ढीमरखेड़ा की सामग्री एवं मतपत्र वितरण कर मतदान हेतु रवाना किया जायेगा।

#### उपस्थिति की अपील

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने उक्त प्रक्रिया के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

#### चरणबद्ध कार्यवाही

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 8 अप्रैल को प्रातः 4 बजे कटनी स्थित जिला कोषालय से मतपत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी तथा प्रातः 5 बजे से जिला कोषालय से प्राप्त मतपत्र तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा के स्ट्रांग रूम में वितरण हेतु सुरक्षित रखने की कार्यवाही की जायेगी।

तदोपरांत प्रातः 6 बजे से मतपत्र एवं अन्य मतदान सामग्री मतदान पेटी आदि सामग्री का वितरण कार्य ढीमरखेड़ा से किया जायेगा। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक 26 मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजनों को मतदान ढीमरखेड़ा मे कराया जायेगा तथा शाम 5 बजे से मतदान उपरांत उपयोग मे लाए गए मतपत्र एवं शेष मतपत्र तथा निर्वाचन सामग्री वापस तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा के स्ट्रांग रूम मे जमा करने की कार्यवाही की जायेगी।

#### की जाएगी कार्यवाही

उक्त कार्यवाही के उपरंत रात्रि 8 बजे तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा के स्ट्रांग रूम से उपयोग मे लाये गये मतपत्र की जानकारी प्राप्त कर कटनी जिला कोषालय में जमा कराने की कार्यवाही की जायेगी।

---

### सशस्त्र बल को जिले की भौगोलिक स्थिति से कराया अवगत

# केन्द्रीय एवं जिला पुलिस बल के द्वारा संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए एरिया डोमिनेशन के तहत जिला कटनी में एसएसबी एवं पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। केंद्रीय पुलिस बल एवं जिला पुलिस बल की टुकड़ियों के द्वारा कोटा तथा कोतवाली थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। जिला कटनी को आवंटित केन्द्रीय पुलिस बल – एसएसबी एवं जिला पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए शहर की परिस्थितियों का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा कोतवाली थाना पहुंचकर फ्लैग मार्च से पहले बाहर से आए सशस्त्र बल को जिले की भौगोलिक, सामाजिक स्थिति से अवगत कराया गया।

#### फ्लैग मार्च में ये रहे शामिल

लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के



मार्गदर्शन एवं रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत एवं थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा एवं 34TH BN SSB West Bengal के असिस्टेंट कमांडेंट स्वराज कमाल के नेतृत्व में थाना कोतवाली के वल्नरेबल एरिया, संवेदनशील क्षेत्रों एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों में लोकसभा चुनाव हेतु जिलें को आवंटित केन्द्रीय पुलिस बल – एसएसबी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

केन्द्रीय पुलिस बल – एसएसबी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस थाना कोतवाली अन्तर्गत सुभाष चौक, बरही नाका, खिरहनी फाटक, गर्ग तिराहा, कारगिल चौक,झंडा बाजार, शेर चौक आजाद चौक, मिशन चौक इत्यादि वल्नरेबल एरिया, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान शहर के सभी थाना प्रभारियों सहित केन्द्रीय पुलिस बल – एसएसबी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिस्सा लिया गया।

तदुपरांत कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में केन्द्रीय पुलिस बल – एसएसबी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस थाना कुठला अन्तर्गत पुरैनी, इंदिरा नगर, कन्हवारा में फ्लैग मार्च किया गया। उक्त फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता में सुरक्षा का भाव और यह संदेश पहुचाना कि, निष्पक्ष, निर्भिक व स्वंत्रतता पूर्वक चुनाव हेतु, पुलिस उनके साथ है तथा पुलिस आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त हैं।

कटनी पुलिस द्वारा उक्त फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न हिस्सों में अनवरत जारी रहेगा।

---

### जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर स्वीप की गतिविधियां जारी

# रोमांचक मैच में विद्युत विभाग की टीम ने कर्मचारी संघ को 3 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर विविध प्रकार की मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जिले भर में आयोजित की जा रही है। उनके द्वारा इस संबंध में सघन निगरानी की जाकर समय समय पर आवश्यक निर्देश स्वीप टीम को दिए जा रहे हैं ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के संकल्प को पूरा किया जा सके। इसी तारतम्य में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट का रोमांच,उत्साह मैच द मैच बढ़ता जा रहा है। सभी क्रिकेट टीमों के क्रिकेट खिलाड़ी पसीना बहाते हुए चुस्त क्षेत्ररक्षण, सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन बल्लेबाजी के द्वारा नॉकआउट मैचों में स्थान बनाने के लिए स्थान बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं।

रविवार को एनकेजे स्थित रेलवे ग्राउंड में




विद्युत विभाग और कर्मचारी संघ के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया।

#### विद्युत विभाग ने बनाए 101 रन

पहले खेलते हुए विद्युत विभाग की टीम ने 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्मचारी संघ की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। विद्युत विभाग के चुस्त क्षेत्ररक्षण और सधी हुई गेंदबाजी के चलते मात्र तीन रनों से कर्मचारी संघ की टीम को मात खानी पड़ी। इसके पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों और उपस्थित अतिथियों ने मतदाता शपथ ली और मतदान दिवस के दिन स्वयं और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु मतदान स्थल तक पहुंचने का संकल्प लिया।

#### संजय प्यासी रहे प्लेयर ऑफ द मैच

विद्युत विभाग की ओर से खेलते हुए संजय प्यासी ने तीन ओवर में एक मैडन रखते हुए 12 रन देकर खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई। उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए इन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इसके पहले क्रिकेट शुरू होने पर टॉस कर्मचारी संघ की टीम ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कर विद्युत विभाग की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कर्मचारी संघ की ओर से हिमांशु दास ने 38 गेंद पर 6 चौकों की सहायता से 26 रन की पारी खेली और भुवनेश्वर ऊईके ने 28 दोनों पर चार चौकों की सहायता से 21 रन बनाए। विद्युत विभाग की टीम से सर्वाधिक रन मगन पटेल ने 19 गेंद पर 13 रन बनाए और चार बार बाल को बाउंड्री के बाहर भेजा। कर्मचारी संघ की ओर से संदीप बर्मन ने तीन और सतीश सेन ने दो खिलाड़ियों को आउट कर विकेट झटके।

#### 8 अप्रैल को आज होने वाले मैच

प्रशासन एकादश और अधिवक्ता संघ के बीच सोमवार को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ग्राउंड में सुबह 7र.30 बजे से पहला मैच खेला जाएगा। दूसरा मैच इसी समय पर एनकेजे रेलवे ग्राउंड कटनी में व्यापारी एसोसिएशन और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के विरुद्ध आयोजित होगा।

---

# युवक की बेहरमी से पिटाई, इलाज के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसी बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जाता है कि मऊगंज के देवतालाब निवासी 25 वर्षीय अंकित सेन सूरत में रहकर मजदूरी करता था। गत 2 अप्रैल को वह अपने चार दोस्तों के साथ मैजिक वाहन से सूरत से मऊगंज लौट रहा था। घर लौटते समय सभी ने कटनी में रुक कर खाना खाया, इसी बीच उनका विवाद किसी बात को लेकर हो गया। विवाद हुआ तो अन्य युवकों ने मिलकर अंकित को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद अंकित को उसके दोस्त गटरघाट के पास मर्णाशन अवस्था में छोड़कर भाग गए। मारपीट के दौरान मौजूद युवकों में से एक ने अंकित के परिजनों को घटना की जानकारी दी और यह भी बताया कि गटरघाट के पास वह घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन देर रात काटनी पहुंचे और गटरघाट में गंभीर हालत में पड़े अंकित को तलाश कर अपने साथ रीवा ले गए। अंकित को उपचार के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान शनिवार को अंकित की मौत हो गई।

#### दर्ज हुआ मामला

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि घटना के बाद अंकित के परिजन उसे इलाज के लिए रीवा ले गए थे और वहां भर्ती करवा दिया था। 4 अप्रैल को परिजनों ने कोतवाली थाना आकर अंकित से मारपीट होने की शिकायत दर्ज करवाई है जिस पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### उल्लंघन पर नियम के तहत कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया पर बढ़ते उल्लंघन के दृष्टिगत नियमानुसार कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन को नोडल अधिकारी और ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी को सहायक का दायित्व सौंपा गया है। दीपक सोनी को प्रत्येक अभ्यर्थी के सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी कर उल्लंघन से संबंधित जानकारी नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करने तथा नोडल अधिकारी को आयोग के प्रावधानों के तहत आगामी कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### एटीआर कार्यवाही के लिए संशोधित आदेश जारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिवस पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी (ईएमएमसी) से प्राप्त आयटम व न्यूज पर प्रति दो घण्टे में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) भेजने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में गत 29 मार्च को जारी आदेश निरस्त कर तत्काल प्रभाव से संशोधित आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र को नोडल अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन को सहायक का दायित्व सौंपा गया है।

### छात्रा आस्था परौहा का नवोदय विद्यालय रमखीरिया में चयन



**पन्ना।** आस्था उर्फ आशी परौहा का कक्षा 9वीं में जवाहर नवोदय विद्यालय रमखीरिया में चयन हो गया है। जिनका नामांकन दिनांक 06.04.2024 को जमा किया गया है। उल्लेखनीय है कि आस्था परौहा शाहनगर क्षेत्र के ग्राम लमतरा के परौहा परिवार से है। इन्होंने यह सफलता अपनी कड़ी मेहनत से अर्जित की है। जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं कक्षा में मात्र 3 सीटें थी जिसके लिये जिले के 1000 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी थी। ये बी.पी. मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल शाहनगर में कक्षा 8वीं की परीक्षा वर्ष 2023-24 में दिया था अभिभावकों में माता भाई तथा बड़े पिता जी एवं परिवार के तथा विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में ये मुकाम हासिल कर ग्राम एवं परिवार का नाम रोशन किया है। आस्था परौहा के पिता जी सचिव पद में पदस्थ थे जिनका 10-12 वर्ष पूर्व दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया था। इनके बड़े पिता जी श्री बी.पी. परौहा दक्षिण वनमण्डल पन्ना में मुख्य लिपिक के पद में पदस्थ है। तथा म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष है। तथा दूसरे बड़े पिता जी श्री गोविन्द प्रसाद परौहा (गुड्डा महाराज) ग्रा.पं. लमतरा के उप संरपंच है। उनकी माता श्रीमती सीमा परौहा ग्राम पंचायत के सचिव पद पर कार्यरत है। भाई राहुल, रोहित, अमित, अंकित, शिवा, कान्हा और बहने सविता तिवारी, प्रीती तिवारी, प्रतिमा, नीतू, प्राची, रेशू, नन्हू, मधू एवं परिवारजनों में इस सफलता से काफी हर्ष का माहौल व्याप्त है। छात्रा के चयन में पेंशन एसोशियेसन के एम.एल. थापक, प्रदीप मिश्रा, अनिल जैन, प्रमोद पाठक, एवं वन कर्मचारी संघ से महीप रावत, ओ.पी. शर्मा, श्री राजीव कुमार द्विवेदी, अरूण त्रिवेदी, गणेश सोनी तथा परिवारजनों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### महेवा में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**पन्ना।** कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण अमानगंज। पन्ना जिले के मंडल अमानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत महेवा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अपना 44 वां स्थापना दिवस मनाया।

## 'देश का गर्व' रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश

**दमोह।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाताओं को 26 अप्रैल मतदान दिवस के अवसर पर मतदाताओं को मतदान करने हेतु बूथ पर जाने के लिए जागरूक करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर स्वीप समिति द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन स्वीप प्लान के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय आदर्श महाविद्यालय बरपटी में एक वृहद विशाल आकार की रंगोली का निर्माण किया गया। यह कार्यक्रम चुनाव आयोग के लोगो एवं चुनाव का पर्व, देश का गर्व मतदाताओं को संदेश देने हेतु एक वृहद आकार की 80 फीट बाई 30 फीट की रंगोली का निर्माण स्वीप समिति के सदस्यों एवं गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह के सिविल इंजीनियरिंग के एच. ओ. डी. सिद्धार्थ जाउरकर एवं सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों जिनमें दिलीप सिंह लोधी, अनुराग गुप्ता, प्रिंस मिश्रा, श्रवण मिश्रा, राघव तिवारी, रितिक वैश्य, सूर्य प्रताप ठाकुर, नितेश अग्रवाल द्वारा बनाई गई। जिसका उद्देश्य निर्वाचन आयोग के संदेश को घर-घर, गांव गांव और गली-गली तक पहुंचाना है। इस चुनाव के पर्व को देश के गर्व के रूप में नागरिकों के समक्ष प्रस्तुत करने तथा चुनाव को उत्सव बनाने के उद्देश्य से वृहद आकार की रंगोली का निर्माण कर प्रचार-प्रसार करने का अनोखा तरीका स्वीप सदस्यों द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, पी.आर.ओ. वाई.ऐ. कुरैशी सहित शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे।




## खेतों में पराली बिल्कुल न जलाएं : जिला मजिस्ट्रेट

दमोह। जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने जिले के किसान भाईयों से कहा है इस समय रबी की फसल कटाई चल रही है, खेतों में नरवाई/पराली जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है और अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि जहां पर भी ऐसी घटनाएं होती है, वहां पर तत्काल कार्यवाही की जाए। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा देखने में आ रहा है कि शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की आग लगने की घटना हुई है जिसमें जान-माल के नुकसान का भी खतरा बना रहता है। इसलिए सभी किसान भाइयों से आग्रह है कि खेतों में पराली बिल्कुल न जलाएं और यदि ऐसा किया जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्रवाही की जायेगी। यदि आप इन कार्यवाहियों से बचना चाहते हैं तो कृपा करके ऐसा बिल्कुल भी ना करें, यह फसलों, जमीन और पर्यावरण के लिए नुकसान देह है। इसलिए पराली जलाने के बजाय यह आपके लिए इनकम का सोर्स हो सकता है।

### 17 दुकानों के ग्रुप में एक मत से रेट बढ़ाने की चर्चायें

# ठेकेदारों ने बनाया सिंडीकेट, एमआरपी से ज्यादा रेट में बेची जा रही है शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार




जबेरा विधानसभा में 14 कंपोजिट शराब दुकानों सहित दमोह विधानसभा की तीन शराब दुकानों को मिलाकर 17 दुकानें ग्रुप में हैं। जबेरा विधानसभा नया ठेका होने के बाद शराब कारोबारियों ने आबकारी नीति को ठेंगा दिखाते हुए सिंडीकेट बनाकर शराब के शौकीनों को लूटना शुरू कर दिया है। देशी और विदेशी शराब की बोतलों पर दर्ज एमआरपी को न मानते हुए शराब दुकानों में न केवल मनमानी की जा रही है, बल्कि एमआरपी से बढ़कर कीमत वसूलते हुए मोटी और अतिरिक्त कमाई भी की जा रही है। शासन-प्रशासन हमेशा उपभोक्ताओं को एमआरपी पर सामान न खरीदने और मोलभाव करने के लिए प्रेरित करता है पर जब सरकार द्वारा नियंत्रित आबकारी व्यवसाय की बात आती है, तो ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन ने आँखें बंद कर रखी हैं। शराब की बोतल पर लिखा होता है एमएसपी यानी मिनिमम सेलिंग प्राइस और एमआरपी अर्थात मैक्सिमम रिटेल प्राइस, इसका अर्थ है कि ठेकेदार इन दोनों मूल्यों के बीच में शराब बेचे पर फिलहाल एमआरपी से 10 से 20 प्रतिशत तक ऊपर शराब बेचकर अंधाधुंध कमाई शराब ठेकेदार कर रहे हैं। इससे सरकार को कोई अतिरिक्त राजस्व नहीं मिल रहा बल्कि शासन को निर्धारित राशि ही मिल रही है। विधानसभा में छोटे शराब कारोबारियों की जगह इस बार बड़े और बाहरी कारोबारी भी कूद पड़े हैं, जिसके कारण सिंडीकेट फल-फूल रहा है। हालाँकि प्रशासन बहुत दिनों तक चुप नहीं बैठ सकता, लेकिन फिलहाल तो खामोशी है। विधानसभा 14 शराब दुकानों है और दमोह विधानसभा की अवधारणा इमलिया को जोड़ दिया जाए 17 शराब दुकान समूह बनाए इनमें समूहों के ठेकेदारों ने मिलकर सिंडीकेट बना लिया है। करीब एक सप्ताह से शराब दुकानों में शराब ऊँचे दामों पर मिलने लगी, जिससे शराब पीने वाले चौंक गए। लोगों ने विरोध भी किया और एमआरपी और एमएसपी का हवाला भी दिया लेकिन शराब दुकानों पर बैठने वाले डरावने लोगों के कारण कोई खास विरोध नहीं हो पाया। इसमें एक पक्ष और है ठेकेदारों के द्वारा जैसे जबेरा स्थानीय नेताओं प्रभावशाली लोगों को मिलाकर महंगी शराब का विरोध करने वालों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है ताकि वे विरोध ना कर सके और शराब के शौकीन लोगों को बे रोक खुली लूट कर सकें। जबेरा बात कर लेते है सिर्फ जबेरा विधानसभा मुख्यालय जबेरा जनपद की शराब दुकानों की जहां पर जबेरा नोहटा में दो दो शासकीय मदिरा दुकानों के अलावा गुबरा सिग्रामपुर बम्होरी बनवार में दिनों जमकर मनमानी चल रही है, जिससे सुराप्रेमियों से शराब के एवज में मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। इन शराब दुकानों में खुलेआम एमआरपी मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही है, जिससे सुराप्रेमियों में रोष बना हुआ है। बताया जा रहा है कि जहां पहले ठेकेदार ने जमकर 10 प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत एमआरपी से ज्यादा मूल्य की वसूली की वहीं अब आबकारी विभाग भी एमआरपी मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री कर रहा है। ठेकेदारी खत्म होने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि अब सुराप्रेमियों को निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध होगी। लेकिन आबकारी विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी दुकान में एमएसपी मूल्य तो छोड़िए एमआरपी मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की जा रही है सुराप्रेमियों ने बताया कि इस वर्ष जब से ठेके हुए हैं। तब से यह मनमानी जारी है। ठेकेदारों के बाद आबकारी विभाग भी उसी ढर्रे पर चलते हुए बढ़े हुए मूल्य पर शराब बेच रहा है ऐसी स्थिति में जहां सुराप्रेमियों को अतिरिक्त राशि चुकाना पड़ रहा है। वहीं इसकी शिकायत अब कहां करें इसे लेकर भी संशय बना हुआ है। क्योंकि यह सब आबकारी विभाग की मिली भगत से चल रहा है। शासकीय कंपोजिट शराब बनवार में खुलेआम एमआरपी मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही है, देशी शराब प्लेन के पाव पर एमएसपी मूल्य 60 रुपये अंकित है, वहीं एमआरपी 70 रुपये है जिसके बीच की राशि आबकारी विभाग द्वारा नियमानुसार ली जाना चाहिए, लेकिन शासकीय दुकान से खुलेआम 90 रुपये वसूले जा रहे हैं तथा और कोई विकल्प नहीं होने से सुराप्रेमी बढ़े हुए मूल्य पर ही शराब खरीदने पर मजबूर हैं। इसके अलावा अन्य ब्रांड की शराब के भी वहीं हाल है जिसमें मूल्य बढ़ाकर लिए जा रहे हैं। रविन्द्र खरेआबकारी अधिकारी का कहना है कि निर्धारित दर से अधिक में शराब बेची जा रही है तो कार्यवाही की जाएगी।

## निःशुल्क होम्योपैथिक हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन



**दमोह।** जिला होमियोपेथिक चिकित्सक संघ के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल क्रिश्चियन फ्रेडरिक हैनिमैन सर की जन्म जयंती (10 अप्रैल) के उपलक्ष्य मे श्री जागेश्वर धाम परिसर मे निःशुल्क होम्योपैथिक हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 200-300 मरीजों को इसका लाभ मिला। जिसमे शुगर की जाँच एवं निःशुल्क होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया, शिविर मे जिले के सभी वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित रहे जिसमे डॉ सुधीर वैद्य, डॉ विकास मिश्रा, डॉ प्रशांत सोनी (हटा), डॉ अखिलेश पटेल, डॉ स्वदेश पटेल, डॉ जानकी अहिरवाल, डॉ मृगांक जैन (झलोन), डॉ चंदन शक्या, महिला विशेषज्ञ में डॉ सोनल राय, डॉ सीतू प्यासी, डॉ गीता जबेरा, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ नेहा गौतम, डॉ श्वेतल पटेल, डॉ दीपाली नेमा, डॉ मोहनी जैन आदि उपस्थित रहे। शिविर में त्वचा रोग, गठिया बात, थायराइड, सर्दी जुकाम, एलर्जी, सिरदर्द माइग्रेन, शीत, अस्थमा, शुगर, आदि रोगों के लिए दवा वितरित की गई। जिला होम्योपेथिक चिकित्सक संघ द्वारा लोक तंत्र के महापर्व के सभी लोगों से मतदान के लिए जागरूकता के प्रेरित किया।

## खिलाड़ियों के बीच पहुंचे कलेक्टर



**दमोह।** स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जैसे ही रवाना होने को थे की तहसील ग्राउण्ड में क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ियों ने कलेक्टर श्री कोचर के समक्ष तहसील मैदान की सुरक्षा के लिये गेट लगवाने आदि के संबंध में अपनी बात रखी। इस पर कलेक्टर श्री कोचर ने खिलाड़ियों से कहा खेल के दौरान मैदान में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इस पर ध्यान दिया जायेगा। खिलाड़ियों के आग्रह पर कलेक्टर श्री कोचर ने क्रिकेट खेल में बेटिंग एवं बालिंग भी की। इस दौरान खिलाड़ियों में उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ फोटो सेशन भी कराया। उन्होंने सी-विजिल एप डाउनलोड करने की बात भी खिलाड़ियों से कही।

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जायेंगे माइक्रो आब्जर्बर

**पन्ना।**

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने बेबकास्टिंग या सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ(केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित कर सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो आब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर को मतदान सबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें प्रेक्षण के कार्य जो उनसे अपेक्षित हैं तथा रिपोर्ट जो उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है उसके तरीके के बारे में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर को मतदान के दिन 90 मिनट पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होगा। माइक्रो आब्जर्बर मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारियों, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं तथा मॉकपोल से लेकर वास्तविक मतदान शुरू होने एवं मतदान खत्म होने तक की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। वे मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक से लगातार संपर्क में रहेंगे और सीधे उन्हें ही अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक क्रिटिकल बूथों पर माइक्रो आब्जर्बर की तैनाती में यह ध्यान में रखना होगा कि जिस निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं, उन्हें उसकी बजाय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किया जाये। मतदानकर्मियों की तरह माइक्रो आब्जर्बर की मतदान केंद्र पर तैनाती भी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया से होगी। उन्हें भी डाकमत पत्र अथवा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट से मतदान की सुविधा दी जायेगी।

## समर्थन मूल्य पर चना, मसूर सरसों की खरीदी हेतु 17 केन्द्र

**दमोह।** रबी वर्ष 2024-25 में 31 मई 2024 तक समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों (चना समर्थन मूल्य 5440 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6425 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसो 5650 रूपये प्रति क्विंटल) का उपार्जन ई-उपार्जन पोर्टल में पजीकृत कृषको से किये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा जारी किये गये है। इसके परिपालन में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु जिले में 17 खरीदी / उपार्जन केन्द्रो का निर्धारण जिला उपार्जन समिति द्वारा किया गया है, उपार्जन केन्द्रों की निगरानी/पर्यवेक्षण के लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा केन्द्रानुसार नोडल अधिकारी नियुक्त कर डयूटी लगाई है। उन्होंने तहसील जबेरा अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पटनामानगढ़ के लिए शासकीय वेयर हाउस कलेहरा हेतु कृषि विस्तार अधिकारी रीतेश सिंह एवं सेवा सहकारी समिति जबेरा के लिये मंडी गोदाम जबेरा एस.डब्ल्यू.सी. हेतु कृषि विस्तार अधिकारी अमित परमार, तहसील तेंदूखेड़ा अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति सर्रा के लिए निर्धारित स्थल समनापुर गोदाम हेतु कृषि विस्तार अधिकारी मिथुन ठाकुर एवं सेवा सहकारी समिति सांगा के लिए निर्धारित स्थल बम्हौरी गोदाम के लिए कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र पटैल, तहसील दमोह अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति बांदकपुर के लिए निर्धारित स्थल आर.एस. समन्ना गोदाम हेतु कृषि विस्तार अधिकारी आर.ए. कुरैशी, सेवा सहकारी समिति अभाना के लिए बांकेबिहारी वेयरहाउस हेतु कृषि विस्तार अधिकारी राजेंद्र अहिरवार एवं सेवा सहकारी समिति हरदुआ मुडर के लिए किल्लाई गोदाम हेतु कृषि विस्तार अधिकारी आर.के. शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त कर ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार तहसील पटेरा अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति सोजना के लिए बाबूजी वेयरहाउस सोजना हेतु कृषि विस्तार अधिकारी भवर लाल ओसारी एवं सेवा सहकारी समिति पटेरिया के लिए निर्धारित स्थल बड़ेबाबा वेयरहाउस हेतु कृषि विस्तार अधिकारी बी.एस. अजवानी, तहसील पथरिया अंतर्गत उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति किन्द्रोहो के लिए श्री मंगल मूर्ति वेयरहाउस हेतु विस्तार अधिकारी संजय पटैल, सेवा सहकारी समिति बांसाकला के लिए निर्धारित स्थल चौधरी वेयरहाउस बांसाकला हेतु कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश विरला, सेवा सहकारी समिति सूखा के लिए निर्धारित स्थल अन्नपूर्णा वेयरहाउस हेतु कृषि विस्तार अधिकारी सपन पाटीदार एवं सेवा सहकारी समिति सतपारा के लिए राधेश्याम वेयरहाउस हेतु कृषि विस्तार अधिकारी ए.के. हजारी, तहसील बटियागढ़ अंतर्गत उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति फतेहपुर के लिए स्वास्तिक वेयरहाउस फुटेराकलां हेतु कृषि विस्तार अधिकारी रविन्द्र बिरला एवं सेवा सहकारी समिति आंजनी के लिए नायक वेयरहाउस आंजनी हेतु कृषि विस्तार अधिकारी दिलीप भगोरा तथा तहसील हटा अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति रसीलपुर के लिए जी.आर.पी. गोदाम हटा हेतु कृषि विस्तार अधिकारी भोलाराम रैकवार एवं सेवा सहकारी समिति हिनौताकला के लिए निर्धारित स्थल छत्रपति शिवाजी वेयरहाउस हिनौताकलां हेतु कृषि विस्तार अधिकारी प्रशांत पटैल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी में किया गया आंशिक संशोधन

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन व्यय की निगरानी हेतु एस.एस.टी. (स्थैतिक निगरानी टीम)/ एफ.एस.टी.( उड़नदस्ता टीम) हेतु पदाविहित अधिकारी / कर्मचारियों के जारी आदेश में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने आंशिक संशोधन करते हुये अधिकारी/कर्मचारियों को पदाविहित किया है। उन्होंने एस.एस.टी. (स्थैतिक निगरानी टीम) में चेक प्वाइंट 13-सिंगपुर तिराहा कटावघाट (दमोह-जबलपुर-कटनी मार्ग) पर प्रथम पारी हेतु एडीईओ जनपद पंचायत जबेरा शुभम मिश्रा, 13-सिंगपुर तिराहा कटावघाट (दमोह-जबलपुर-कटनी मार्ग) पर द्वितीय पारी हेतु एडीईओ जनपद पंचायत जबेरा सौरभ कुर्मी, 01-बटियागढ़ (अमोदा फारेस्ट बैरियर) पर प्रथम पारी हेतु विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र बटियागढ़ रतन कुमार अहिरवाल एवं 11-दमोह देहात (टोल बैरियर ग्राम हथना सागर रोड) पर तृतीय पारी हेतु उपयंत्री जिला शिक्षा केन्द्र के.एस. ठाकुर को पदिविहित किया गया है। इसी प्रकार एफ.एस.टी.( उड़नदस्ता टीम) में चेक प्वांइट 56-जबेरा पर द्वितीय पारी हेतु सहायक विकासखण्ड प्रबंधक जनपद पंचायत जबेरा अजय कुमार शुक्ला एवं चेक प्वांइट 57-हटा पर द्वितीय पारी हेतु प्रभारी विकासखंड प्रबंधक आजिविका मिशन जनपद पंचायत हआ संदीप सिंह गौतम को पदाविहित किया गया है।

# ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी की कुण्डलपुर में होगी भव्य ऐतिहासक अगवानी

## 21 दिव्यघोष, रथ, विभिन्न संदेशों को देती हुई झांकियां रहेगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर में आगामी 16 अप्रैल को कुण्डलपुर में होने वाले भव्य आचार्य पद पदारोहण महोत्सव को लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां चल रही है। महासमाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की परंपरा को आगे बढाने के लिये उनके संकेतानुसार उनके आचार्य पद पर योग्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री को आचार्य पद पर प्रतिष्ठापित करने के लिये हो रहे इस महोत्सव के साक्षी बनने हर जैनी आतुर है। जहां एक ओर महोत्सव समिति दिन रात एक करके तैयारियों में जुटे है तो वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन दिगंबर संतो को आगमन कुण्डलपुर की पावन धरा पर हो रहा है। आचार्य श्री विद्यासागर जी के विशाल संघ के 2022 में हुये कुण्डलपुर महामहोत्सव में हुये थे उसके बाद पुनः उससे भी अधिक संख्या में दिगंबर परंपरा के संतो व आर्यिका आदि के दर्शन इस महामहोत्सव में एक साथ होगे। इसी क्रम में 9 अप्रैल को संघ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी की भव्य अगवानी की जायेगी। मुनि श्री समय सागर जी रविवार को बांदकपुर से विहार करते हुये हिण्डोरिया पहुंचे जहां मुनि संघ का रात्रि विश्राम हुआ। आज प्रातः विहार करते हुये आहारचर्या देवडोंगरा ग्राम में होने की प्रबल संभावनायें है। वहीं इसके पश्चात कल की आहारचर्या पटेरा ग्राम में होने के पश्चात दोपहर में पटेरा से कुण्डलपुर की ओर विहार होगा जिसको देखने देशभर से श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुंच रहे है। ऐतिहासिक आगवानी में इस कार्यक्रम में भारत के प्रसिद्ध 21 दिव्य घोष (बैंड), 36 रथ, 300 सदस्यों का अखाड़ा, ड्रोन से सुगंधित जल की वर्षा, गौशाला, हथकरघा, प्रतिभास्थली, पूर्णायु चिकित्सालय, भाग्योदय, शांति धारा दुग्ध योजना आदि की झांकी रहेंगी। चहीं दमोह से जैन मिलन, महिला मंडल, बालिका मंडल आदि द्वारा भी कुण्डलपुर में भव्य मंगल अगवानी की जायेगी। इन सब तैयारियों के बाद कुण्डलपुर के प्रवेश द्वारा देश के जाने माने जैन संतो के साथ आचार्य श्री का पूरा विशाल संघ अपने ज्येष्ठ व श्रेष्ठ मुनि श्री की अगवानी करेगें जहां संतो का मिलन का अदभुत दृश्य देखने को मिलेगा। मुनि श्री समय सागर जी की। निस्पृहीता की चर्चा सभी ओर है, संघ के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ होने के बावजूद भी वह प्रदर्शन से दूर रहते है। उत्कृष्ट चर्या का पालन कर सदैव शिष्यों को शिक्षित करने तत्व चर्चा करते हुये देखे जाते है।

### बांदकपुर से हुआ विहार, हिण्डोरिया में रात्रि विश्राम, देवडोंगरा में होगी आहारचर्या



कुंडलपुर। जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज की बांदकपुर की पुण्य धरा पर एक साथ 28 आर्यिकारत्न माताओं ने की जेष्ठश्रेष्ठ निर्यापक श्रमण श्री 108 समय सागर जी महाराज के चरणों की वंदना की। एक साथ बिहार करते हुये आर्यिकारत्न श्री अंतरमती माताजी आर्यिका श्री अक्षयमति माताजी आर्यिका श्री अपूर्वमति माताजी 18 आर्यिकाओं और आर्यिकारत्न श्री दुर्लभमति माताजी ससंघ 10 आर्यिका माता जी ने दूसरे मार्ग से द्रुत गति से एक साथ पहुंचकर ज्येष्ठ मुनि राजों की वंदना कर पूज्य श्री समयसागर जी महाराज की प्रदक्षिणा कर वंदना की और नमोस्तु निवेदित कर आशीष प्राप्त किया। बांदकपुर में मुनि श्री समय सागर जी की आहारचर्या का सौभग्य सुनील डबुल्या परिवार को प्राप्त हुआ। महाराज का दोपहर में बांदकपुर से विहार हुआ व हिण्डोरिया में रात्रि विश्राम हुआ।

### मुनि श्री शैलसागर जी ससंघ पहुंचे कुण्डलपुर



दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव आयोजित किया गया है।कुंडलपुर की पावन धरा पर मुनि संघो का निरंतर आगमन हो रहा है।युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री शैल सागर जी महाराज, मुनि श्री अचल सागर जी महाराज, मुनि श्री सहजसागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश रविवार को कुंडलपुर की पावन वसुंधरा पर हुआ। इस अवसर पर मुनि संघ की गाजे-बाजे के साथ भव्य अगवानी की गई। पाद प्रक्षालन किया गया एवं आरती की गई।कुंडलपुर में पूर्व से विराजित निर्यापक संघों ,मुनि संघो ,आर्यिका माता संघों का वात्सल्य मंगल मिलन हुआ। सभी मुनि संघ संत भवन स्थित पंडाल में विराजमान हुए ,जहां आचार्य श्री का पूजन किया गया एवं मुनिश्री के मंगल प्रवचन हुए। सभी मुनि संघो एवं आर्यिका संघों की आहारचर्या संपन्न हुई। श्रद्धालु भक्तों ने आहार चर्या में भाग लेकर पुण्यार्जन किया। सायंकाल आचार्य भक्ति की गई।

## मुनिश्री वीरसागरजी का हुआ दमोह आगमन : यह ऐसे संत जिन्होनें करोड़ो के पैकेज छोड़ ली थी दिगंबर दीक्षा



**दमोह।** आचार्य श्री के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ससंघ का रविवार को दमोह नगर आगमन हुआ। सुबह आहार चर्या एकलव्य विश्वविद्यालय में संपन्न हुई जहां आहारचर्या का सौभाग्य सुधा मलैया परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को मुनि संघ की दमोह में भव्य अगवानी की गई एवं मंदिर के दर्शनों के पश्चात संघ दमोह से विहार करते हुये समन्ना पहुंचे जहां रात्रि विश्राम हुआ। मुनि श्री वीर सागर जी का जीवन आज के युवाओं के लिये एक प्रेरणा देने वाला है क्योंकि आज का युवा जहां पढ लिखकर धर्म अध्यात्म से दूर होकर सुख साधन, ऐशो आराम की तरफ जा रहा है एवं उसी को जीवन लक्ष्य बना रहे है। ऐसे युग में एक युवा शैलेष जिन्होनें दिगंबर दीक्षा धारण कर मुनि श्री वीर सागर जी के रूप में पहचान बनाई। शैलेष जी ने वर्ष 1994 में नागपुर से शैलेष ने केमिकल इंजीनियरिंग की पढाई करने के बाद बाद उन्होंने एमबीए इन फाइनेंस और चार्टर्ड फाइनेंशियल अकाउंटेट (सीएफए) किया एवं बाद में बॉम्बे में एक कन्सलटेंट फर्म में सर्विस भी की। वर्ष 2004 में वीर सागर महाराज यानि शैलेष जी कन्सलटेंट फर्म में सर्विस पर थे। तब वह एक करोड़ रुपये के सालाना पैकेज पर कार्य कर रहे थे। कुछ साल सर्विस करने के बाद जब उन्हें लगा कि यह सही समय है, जब धर्म और गुरु से जुड़कर शाश्वत जीवन को अपनाया जाए। उच्च शिक्षा व अच्छी नौकरी के बाद भी सारा वैभव छोडकर आत्मउत्थान की राह पर निकल पड़े। वे बचपन से ही आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से प्रभावित थे। ब्रम्हचारी शैलेष जी को आचार्य श्री विद्यासागर जी ने मुनि दीक्षा दे दी जिसके बाद से लगातार वह धर्म की प्रभावना कर रहे है। उनकी योग्यता व निपुणता को देखते हुये वर्ष 2022 के महोत्सव में उन्हे निर्यापक श्रमण की उपाधि भी दी गई। मुनि श्री का जीवन व उनके विचार आज युवाओं के लिये प्रेरणादायी, व पथप्रदर्शक है। गौर हो कि कुंडलपुर सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव मैं शामिल होने के लिए निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी महाराज के चरण पुणे से लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात छालों से भरे हैं। अभी भी दूरी 30 किलोमीटर शेष है। धन्य है दिगंबर साधु जो एक बार आहार पानी लेकर भीषण गर्मी में गुरु विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये निरंतर बढ़ रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## दो वर्ष पहले हुआ तबादला पर आज तक नही हुये रिलीव

**पथरिया।** नगर परिषद द्वारा कोराना काल में खरीदी गई सामग्री की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच हो ताकि हकीकत सामने तो आए कि आखिर कैसे लाखों रुपए की खरीदारी किस किस सामग्री के नाम पर हुई परिषद में पदस्थ प्रभारी लेखापाल द्वारा सभी कार्य स्वयं के द्वारा कराये जाते रहें। शायद किसी विभाग के लेखापाल को ऐसी सुविधा हो जैसे नगर परिषद के प्रभारी लेखापाल को है। सागर से अप डाउन करते 2-3 जगह कार्यालय बनाए है। जहां वह बैठते हैं मतलब शासकीय कार्यालय में उनका काम नही बनता। इसलिए वह स्वयं अपने हिसाब से काम करते रहते हैं। मोबाइल नंबर पर काल नही लगता सिर्फ उनके चहेते कुछ कर्मचारियों को मालूम रहता है कि वह कब आयेंगे व कहां आज बैठेंगे। 2 वर्ष से ज्यादा समय पहले तबादला हो गया उसके बाद भी यही जमें बैठे हैं। मूल पदस्थापना समयपाल उसके साथ प्रभारी लेखापाल, स्टोर शाखा, उपयंत्री का काम भी देख रहे हैं। सुनने में आया है कि राजनैतिक व उपसंचालक कार्यालय में अधिकारियों से अच्छी खासी पकड़ होने के कारण कोई कार्यवाही नही होती है।

## आज होगी प्रभु श्री राम की आगवानी

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सकल हिंदू समाज के द्वारा हिन्दू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नो दिनों प्रभु श्री राजा रामचन्द्र जी की स्थापना मोरगंज गल्ला मंडी में की जा रही है। जहां नो दिनों धर्मिक आयोजन के साथ आरती पूजन अर्चन कि जाएगी। वही इस आयोजन को लेकर सर्व हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष विक्रांत गुप्ता विक्की ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम जन्म उत्सव समारोह 9 अप्रेल से 17 अप्रेल तक मनाया जा रहा है। प्रभु श्री राजा राम चंद जी की अनुपम झांकी की स्थापना मोरगंज गल्ला मंडी में की जा रही जिनकी आगवानी सोमवार की शाम 6 बजे घण्टाघर हनुमानगढ़ी मंदिर से शोभायात्रा के रूप में की जाएगी जिसके उपरांत 9 अप्रैल को अभिजीत मुहूर्त में विधिविधान से स्थापना की जाएगी प्रतिदिन धर्मिक आयोजन किए जाएंगे। आप सभी नगर वासियो से अपील करते हुए कहा है कि धर्मिक आयोजन में मोरगंज गल्ला मंडी पहुच धर्मलाभ अर्जित करे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक की मौत

**दमोह।** नोहटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एक व्यक्ति जो दोपहर 12 बजे से अस्पताल परिसर के प्रवेश द्वार के सामने छाया में बैठा हुआ था। बहुत लंबे समय की बाद उसे प्यास लगने पर करीब शाम 5 बजे वह अस्पताल के अंदर पानी पीने के लिए आया और पानी पीकर अस्पताल के हाल में गिर गया। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा डॉक्टर को सूचित किया गया। एवं नोहटा पुलिस को जानकारी दी गई। जहां पर डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि मृतक बहुत ज्यादा नशे की हालत में था। वह जब से यहां पर बैठा है तभी से झूम रहा था और बैठने की अवस्था में नहीं था इसलिए वह दीवाल से टिका हुआ था। सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं उसकी फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान के लिए डाली कुछ समय पश्चात उसकी पहचान नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम मझगुवां कीरत निवासी बबलू उर्फ राजाराम प्रधान / मनोहर प्रधान उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के चचेरे भाई दिनेश प्रधान ने बताया कि बबलू अहमदाबाद में कार्य करता था और अभी दो दिन पहले ही घर पर आया था।

### बड़ी देवी मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित



**दमोह।** जिले में विराजमान श्री मां बड़ी देवी हजारी मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी पूर्व अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, पंडित आशीष कटारे (पुजारी) द्वारा नव निक्त, ( अध्यक्ष) ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल, (उपाध्यक्ष) आरके मिश्रा, (कार्यकारणी सदस्य) नियासी देवेंद्र हजारी, अखलेश हजारी, पंडित महेश मिश्रा, पंडित राजेश तिवारी, ठाकुर विजय बहादुर सिंह, भारत सेन, दिनेश साहू समस्त कमेटी का कमलेश भारद्वाज ने मां जगदंबे की तस्वीर वह साल, नारियल, माला इत्यादि से भव्य स्वागत किया। पूर्व कमेटी के सदस्य पदाधिकारी व समस्त सदस्य उपस्थित रहे पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत सदस्य अशोक स्वामी इत्यादि लोगो की उपस्थिति रही।

### अधिकारियों के अप डाउन संस्कृति पर लगे रोक

**पथरिया।** जिलें के नवनियुक्त जिला कलेक्टर से मांग है कि अनुविभाग मुख्यालय होने के बाद भी प्रमुख अधिकारी मुख्यालय पर निवास ना बनाकर जिला मुख्यालय पर निवास बनाए हुए हैं जिससे वह कार्यालयीन समय सुबह 11 से 5 रहते हैं। कई बार शासन के निर्देश जारी हुए लेकिन कोई असर नही हुआ। चुनाव समय में तक जैसे पहले वैसे चलता रहता है कि समय से आना और शाम को वापस हो जातें हैं। नवनियुक्त कलेक्टर से क्षेत्र की जनता अपेक्षा करती है कि शायद अब कुछ बदलाव हो और अनुविभागीय मुख्यालय पर पदस्थ अधिकारी मुख्यालय पर निवास बनाकर रहेंगे। ऐसी जनापेक्षा है।

### पीएचई विभाग की नल जल योजना के हालात, 6 साल बाद भी हालात वही

## नदी किनारे बसे गांव में पानी के लिये त्राहि-त्राहि, नहीं पहुंचा नल से जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

समस्याओं को हल करने जिन जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भी ग्रामीणों की परेशानियों को कम नहीं कर पा रहे हैं



हटा। शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पीएचई विभाग के माध्यम से विगत वर्षों पूर्व संचालित नल जल योजना के तहत हर घर में पानी देने का वादा किया गया था। गांव में ग्रामीण जल मिशन की नल जल योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था ताकि पानी के लिए गांव के लोगों को कई किलोमीटर न जाना पड़े आसानी से हर घर शुद्ध पेयजल मिल सके। लेकिन सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता से इस बार भी गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट गंभीर मुद्दा बना हुआ है हालात यह है कि अभी गर्मियों की शुरुआत भर है और अभी से ही ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों से पानी ढोने पर मजबूर हो रहे हैं। नल जल योजनाएं बंद या खराब पड़ी है और हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं या फिर उन्हें दुरस्त कर उनमें पाइप नहीं बढ़ाए गए हैं। यही स्थिति रही तो आगामी दिनों में हालात और भी बिगड़ेंगे और ग्रामीणों की परेशानी भी बढ़ेगी। ऐसे ही हालत हटा विकासखंड के सुनार नदी के किनारे बसे हरदुआ उमराव के गांव इटवा छक्का मैं देखने मिले जहां वर्ष 2017-18 में पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना के द्वारा ट्यूबवेल में मोटर पंप के माध्यम से गांव में पाइप लाइन डालकर घर-घर नल लगवाए गए थे ताकि हर घर में पानी पहुंच सके लेकिन योजना के शुभारंभ उपरांत अभी तक योजना चालू नहीं हो सकी और योजना गांव में सिर्फ औपचारिकता भर रह गई जिससे इटवा छक्का गांव के लोगों को योजना के तहत पानी का लाभ अभी तक नहीं मिल सका। इस संबंध में इटवा छक्का गांव के निवासी रामअवतार पटेल, प्रीतम पटेल, विकट सिंह, सिब्बू अहिरवार, गजराज सिंह, पूरन बर्मन नहीं बताया कि गांव की आबादी लगभग 800 की है जहां पर अलग-अलग जगह पर चार हैंडपंप लगे हुए हैं लेकिन इनका जल स्तर काफी नीचे चला गया है या फिर तकनीकी खराबी से बंद पड़े हैं नदी का पानी भी पीने योग्य नहीं है, कई बार पंचायत व वरिष्ट अधिकारियों से पानी की समस्या को लेकर शिकायत भी की गई लेकिन गांव वालों की शिकायतों और जल संकट की समस्या के बावजूद पीएचई विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में अब आगामी दिनों में जल संकट बढ़ने से ग्रामीणों को और भी परेशानी उठानी पड़ेगी। गांव के लोगों ने बताया कि अधूरी पड़ी योजना के कारण ग्रामीणों को खेतों में बने ट्यूबवेल से करीब 2 किलोमीटर दूर खेतों से साइकिल पर पानी लाना पड़ रहा है पंचायत में मिले गांव में पानी की सुविधा के लिए टैंकरों का भी अता पता नहीं है जिससे गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### लापरवाही पाये जाने पर एसपी को लिखा पत्र

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने पुलिस अधीक्षक दमोह को पत्र लिखकर कहा है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के भ्रमण दौरान पुलिस बल भी कर्त्तव्य के प्रति गंभीर नहीं पाये गये है। इनमें चेक पोस्ट बटियागढ (अमोदा फारेस्ट बैरियर) सायं 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक प्र. आरक्षक 773 राजेश राठौर थाना बटियागढ़, दमोह देहात (टोल बैरियर ग्राम हथना सागर रोड) पर प्र.आर. 640 महेन्द्र कुमार अहिरवार थाना अजाक एवं दमोह देहात (हटा नाका मुक्तिधाम) पर प्र.आर. 267 अमित यादव सागर नाका चौकी भी कर्तव्य के प्रति गंभीर नहीं पाये जाने के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाही की जाकर उनके स्थान पर दूसरा पुलिस बल लगाया जाये। ज्ञातव्य है लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत एस.एस.टी. दल के साथ पुलिस बल पदाविहित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा गत दिनों सिहोरा पड़रिया टोल नाका चेक पोस्ट, नीमोन तिगड्डा चेक पोस्ट तथा मुक्तिधाम हटा नाका चेक पोस्ट भ्रमण के दौरान पदाविहित अधिकारी कर्तव्य स्थल पर सोते हुए पाये जाने के आरोप में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

### शांति समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

## पर्वो का सद्भाव व भाईचारे से मनायें, धार्मिक स्थलों के पास विशेष साफ-सफाई का ध्यान रखा जाये-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सभी घाटों की सफाई की जाए, जहां पर मंदिर, मस्जिद और अन्य धर्म स्थान गुरुद्वारे वगैरह है उनके पास विशेष साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। जहां पर जवारे विसर्जन होते हैं, उन घाटों की व्यवस्था को सुदृण किया जाए। इसके अलावा इस समय कुण्डलपुर में एक बहुत बड़ा आचार्य पदारोहण भी है, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है उसको ध्यान में रखते हुए भी व्यवस्थायें और यातायात की व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये। इस आशय के विचार कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने व्यक्त किये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम दमोह आरएल बागरी सहित शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस बात की बहुत खुशी है कि समिति की बैठक में बहुत अच्छे सुझाव शांति समिति के सदस्यों की ओर से आए हैं, जो न केवल त्यौहारों के विषय में थे बल्कि शहर की बेहतरी को लेकर भी थे, इस पर सभी संबंधित लोग काम करेंगे। मैंने और पुलिस अधीक्षक ने यह प्रतिबद्धता जताई है कि हम लगातार इन विषयों पर काम करेंगे और इसके अच्छे परिणाम सबको देखने के लिए मिलेंगे। उन्होंने कहा सभी ने संकल्प लिया है कि जैसे होली, रंगपंचमी और बाकी के त्यौहार सद्भाव के साथ मनायें, यह सारे त्यौहार भी सद्भाव के साथ मनाए जाएंगे। इस दौरान मार्ग डायवर्सन आदि के ऊपर भी विचार किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आने वाले जितने त्यौहार चैती चांद, ईद-उल-फितर, बैसाखी, रामनवमी, नवरात्रि और जवारे विसर्जन आदि है, इन सारे त्योहारों को सांप्रदायिक सद्भाव, उल्लास, समरसता और उत्साह के साथ मनायें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे जिन पर कलेक्टर ने बैठक में विभागों को निर्देशित किया है, नगरपालिका साफ-सफाई, पानी और प्रकाश की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करें। इन सभी त्योहारों का आगमन अप्रैल माह में ही है, इसी समय अंबेडकर जयंती भी है। इन सारी चीजों को देखकर के नगर पालिका बहुत अच्छे से प्लान करें। विद्युत मंडल को बताया गया है कि बिजली की निर्बाध सुविधा करें और जहां पर तार लटक रहे हैं, उनको व्यवस्थित करने का काम करें साथ में यदि कहीं ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति आती है तो उसको सुधारने का काम सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने कहा त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाये, परंम्परा अनुसार त्योहार मनायें, पुलिस की माकूल व्यवस्था रहेगी, किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी। पुलिस सतत उपलब्ध है कोई परेशानी हो तो कंट्रोल रूम पर सूचित किया जा सकता है, आप शांति समिति के सदस्य हैं, लोगों को बताएं समझाएं कोई दिक्कत है तो मुझे और कलेक्टर साब को कॉल कर सकते हैं हम सभी आने वाले त्योहार खुशी से हर्षोल्लास से मनायें, सौहार्द का माहौल रहा है, यह जिला सोहद्रपूर्ण जिला है।

## अधिवक्ता संघ के आयोजन में शामिल हुए उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिला न्यायालय के जिलाअधिवक्ता संघ का होली मिलन समारोह प्रदेश भर में मशहूर है। इस वर्ष यह आयोजन दमोह जिला अधिवक्ता संघ की नवगठित कार्यकारिणी द्वारा शनिवार को केंद्रीय अधिवक्ता कक्ष से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय गुरपाल सिंह अहलूवालिया, विशिष्ट अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज रहे। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ प्रथम चरण में देव पूजन,अतिथि सत्कार, होली पर सभी को माल्यार्पण, चंदन तिलक एवं टोपी पहनाई गई, न्यायमूर्ति गुरुपाल सिंह अहलूवालिया को जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर शाल श्रीफल भेंट किया गया, प्रथम चरण का आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष सुरेश खत्री द्वारा किया गया। द्वितीय चरण में चित परिचित होली हुरदंग का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने खूब-खूब वाह वाही बटोरी। प्रथम चरण का संचालन अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव द्वारा एवं द्वितीय चरण का संचालन अधिवक्ता अनुनय श्रीवास्तव, अनिल खरे, संजय चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव सुधीर पांडे, सह सचिव सुश्री दीपा मिश्रा, कोषाध्यक्ष अतुल देव श्रीवास्तव, पुस्तकालय प्रभारी मनोज नागदेव, कार्यकारिणी सदस्य गण अरविंद शर्मा, नरेंद्र सिंघानिया, कमल ठाकुर, हरिशंकर दीक्षित, गणेश सेन गजाधर पटेल, परवीन खान, द्रोपती ठाकुर ने अतिथि सत्कार कर उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण को चंदन तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी। स्वल्पहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।